


# बाइक पर पलटा डाला, दंपति व बच्ची घायल

## बंथरा के बनी- मोहान रोड स्थित लतीफ नगर के पास हुआ हादसा

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचारः** बंथरा के बनी - मोहान रोड स्थित लतीफ नगर के पास सोमवार दोपहर को बेकाबू डाला बाइक सवार दंपति पर पलट गया। हादसे में दंपति व उनकी दस वर्षीया बच्ची डाले के नीचे दबकर गंभीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

उन्नाव के हसनगंज स्थित समदपुर जसमड़ा निवासी डीसीएम चालक मोहर्रम अली, पत्नी किस्मतुन्निशा और 10 वर्षीया बेटी सुमायरा के साथ बाइक से सोमवार को वापस घर लौट रहे थे। दोपहर करीब भी 1 बजे बंथरा के बनी - मोहान रोड स्थित लतीफ नगर के पास सामने से आ रहा तेज रफ्तार गेहूँ की बोरियों से लदा टेंपो डाला अनियंत्रित होकर अचानक उनकी बाइक पर पलट गया। हादसे में बाइक सवार मोहर्रम अली, उनकी पत्नी किस्मतुन्निशा व बच्ची सुमायरा उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए।


हादसे के बाद सड़क पर लगी लोगों की भीड़ और मौजूद पुलिस।


हादसे में घायल महिला।


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

### प्रधान ने अपनी कार से पहुंचाया अस्पताल

- डाले के नीचे दबे तीनों की चीखपुकार सुनकर राहगीर व स्थानीय लोग जुट गये। डाला सीधा कर तीनों को बाहर निकाला। घायलों को ले जाने के लिए 108 एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस को पहुंचने में देरी होने और घायलों की स्थित बिगड़ती देख लतीफनगर के प्रधान प्रतिनिधि तरुण शुक्ला ने तीनों को अपनी कार से निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज शुरू हो सका। घटना के बाद लोगों ने डाला चालक बंथरा के ही रहीमनगर पड़ियाना निवासी प्रमोद साहू को पकड़ कर डाला सहित पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डाला चालक की लापरवाही से यह घटना हुई है। पुलिस ने डाला और उसके चालक को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मजदूर ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

- बंथरा के हमीरपुर में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता सरोजनीनगर


सुजीत गौतम

**अमृत विचारः** बंथरा के हमीरपुर निवासी सुजीत गौतम (35) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हमीरपुर निवासी सुजीत गौतम सरोजनी नगर के नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में काम करता था। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह घर पर था। तभी दोपहर को उसके अचानक उल्टियां होने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी जेब में सल्फास की पुड़िया निकली। परिजनों ने जब उससे पूछा तो सुजीत ने बताया कि उसने पानी में घोलकर सल्फास पी लिया है। अस्पताल में हालत अधिक गंभीर देख सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। इसके बाद वहां से लोक बंधु अस्पताल और इसके बाद ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर सुजीत की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुजीत ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिवार में पत्नी रेनू, बेटी आराध्या, सराध्या व डेढ़ वर्ष का बेटा आदि है। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### शैलेन्द्र बने बसपा के नए जिलाध्यक्ष, केपी पटेल महासचिव

**अमृत विचार, लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की सोमवार को हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने लखनऊ कार्यकारिणी घोषित की। इसमें जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम, उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, महासचिव केवी सिंह पटेल, सचिव पारस अम्बेडकर बाल्मीकि, कोषाध्यक्ष कायम रजा और शेरा रावत, पुत्तीलाल वर्मा को कार्यकारिणी के सदस्य बनाया गया। प्यारे लाल को बीवीएफ व आरके बर्मन को और बामसेफ का जिला संयोजक मनोनीत किया गया। मुख्य मंडल प्रभारी लखनऊ सूरज सिंह जाटव भी मौजूद रहे।

### समारोह में आज होगा 100 जोड़ों का विवाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 100 गरीब जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। आयोजन मलिहाबाद के रजवाड़ा मैरिज लॉन में होगा। ब्लॉक व नगर स्तरीय इस आयोजन में बीकेटी ब्लॉक से 64 जोड़े, काकोरी ब्लॉक से 19, चिनहट ब्लॉक से 6, नगर पंचायत महोना से 3 व नगर पंचायत बीकेटी से 8 जोड़े चयनित किए गए हैं। जिला समाज कल्याण अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सभी जोड़ों का सत्यापन कराने के साथ विवाह की तैयारी पूर्ण कर ली है। 18 फरवरी को गोसाईगंज के विशाल लॉन में 86 जोड़े और मलिहाबाद के रजवाड़ा मैरिज लॉन में 100 जोड़े का विवाह कराएंगे।

# मौत का कारण स्पष्ट नहीं हार्ट व विसरा सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मोहनलालगंज के एक होटल में तैनात गार्ड हरिश्चंद्र उर्फ रिंकू की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। हार्ट व विसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस के मुताबिक विसरा रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

सोमवार को पुलिस मृतक गार्ड के परिजनो को लेकर होटल पहुंची और वहां लगे सीसी कैमरों की रिकार्डिंग दिखाई। होटल प्रबंधन ने परिजनों से मिलकर समझौता करने का प्रयास किया। मोहनलालगंज कस्बे के एक होटल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड हरिश्चन्द्र उर्फ रिंकू की रविवार की भोर होटल पर ड्यूटी के समय संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। परिजन ने बताया कि तीन घंटे उपचार के अभाव में गार्ड होटल में पड़ा रहा लेकिन उसे अस्पताल नहीं ले जाया गया। परिवारीजन जब होटल पंहुचे तो अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने होटल प्रबंधन व कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने व हत्या की आशंका जताते हुए शिकायती पत्र दिया था। पुलिस ने परिजनों से बताया कि जिस जगह गार्ड पड़ा हुआ था वहां कोई सीसी कैमरा नहीं लगा हुआ था। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। विसरा व हार्ट सुरक्षित रखा गया है। होटल प्रबंधन व गार्ड के परिजनों के बीच समझौते को लेकर बातचीत भी चल रही है।

### किशोरी से छेड़छाड़, अपहरण का प्रयास

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** इलाके के एक गांव में किशोरी से छेड़छाड़ व उसके अपहरण की घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर दी। जिसके अनुसार रविवार रात किशोरी घर के बाहर बने शौचालय में गई थी। इसी दौरान गांव का ही एक युवक वहां पहुंच गया। उसे पकड़कर जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी भाग निकला। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# नौ संगठनों ने एक साथ ली व्यापार मंडल की शपथ

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिलाई पदाधिकारियों को शपथ, महापौर व विधायक भी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खदरा लखनऊ व्यापार मण्डल परिक्षेत्र के 9 संगठनों का गठन कर सोमवार को सीतापुर रोड खदरा चुंगी पर शपथ ग्रहण किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे।

विशिष्ट अतिथि विधायक नीरज बोरा और महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति रही। डिप्टी सीएम ने शपथ दिलाई और कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधाओं के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नवगठित व्यापार मंडल को शुभकामनाएं दीं। कहा कि यह बड़ी टीम है। व्यापारी आपसी एकता बनाकर व्यवसायिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ और सुरक्षित बनाएं। विधायक नीरज बोरा ने व्यापारियों से एकजुट होकर क्षेत्र के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। संगठन प्रमुख अमरनाथ मिश्र ने विश्वास दिलाया कि उनके हर उचित कार्य में व्यापार मंडल उनके साथ है। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने ख़दरा व्यापार मंडल की नवगठित 9 इकाइयों के पदाधिकारियों को बधाई दी।

अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की और शपथ दिलाई। उन्होंने मुसव्विर अली मंशू (पार्षद) को लखनऊ व्यापार मंडल के टीजी क्षेत्र का महामंत्री घोषित किया। मंचासीन उमेश शर्मा, नितिन जैन, शोएब जिलानी, मनीष गुप्ता रहे।


व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अन्य। अमृत विचार

### बड़ी पकरिया रोड

- अध्यक्ष : इस्माईल वरिष्ठ उपाध्यक्ष : दीपू जायसवाल उपाध्यक्ष : इस्तिखार वरिष्ठ महामंत्री : अजीम, महामंत्री : आशीष वर्मा मंत्री : नासिर, कोषाध्यक्ष : शकील बेग सचिव : मो. नसीम, इकबाल, राशिद प्रचार मंत्री : मो. आरिफ संरक्षक : आमहीन बेग

### कर्बला रोड

- अध्यक्ष : अंजुम वरिष्ठ उपाध्यक्ष : शोएब सिद्दीकी उपाध्यक्ष : बिलाल वरिष्ठ महामंत्री : फुरकान महामंत्री : सलमान मंत्री : मोईन कोषाध्यक्ष : सरवन गुप्ता सचिव : उस्मान, अहमद गाजी, गफूरे गाजी, रेहान संगठन मंत्री : हारून प्रचार मंत्री : मन्नु

### अवध वाटिका रोड

- अध्यक्ष : यूसुफ अंसारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष : शकील उपाध्यक्ष : मो. शज्जू वरिष्ठ महामंत्री : मो. आसिफ महामंत्री : सादान मंत्री : मुईन बेग, जीमल कोषाध्यक्ष : मो. अजीम उर्फ शेरू सचिव : जलील अहमद, फरहान अहमद, दिनेश अवस्थी

### सीतापुर रोड खदरा (पश्चिम)

- लखनऊ व्यापार मण्डल में अध्यक्ष : आशीष वरिष्ठ उपाध्यक्ष : रिजवान कुरैशी उपाध्यक्ष : मो. आमिर वरिष्ठ महामंत्री : राहुल महामंत्री : शहनवाज आलम मंत्री : परवेज कोषाध्यक्ष : नियाज सचिव : विकास गुप्ता संगठन मंत्री : शोएब प्रचार मंत्री : हरिश्चन्द्र संरक्षक : जहीर, धर्मेन्द्र गुप्ता।

### रामलीला ग्राउंड रोड

- व्यापार मण्डल में अध्यक्ष : आशीष जायसवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष : इश्तियाक खान उपाध्यक्ष : ध्रुव मिश्रा वरिष्ठ महामंत्री : मो. इदरीस महामंत्री : शहाबुद्दीन मंत्री : मो. शाकिर कोषाध्यक्ष : कमलाकान्त पाण्डेय सचिव : अरविन्द गुप्ता प्रचार मंत्री : शहनवाज।

### सीतापुर रोड खदरा (पूरब)

- लखनऊ व्यापार मण्डल में अध्यक्ष : राकेश कुमार गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष : जीलानी उपाध्यक्ष : जीमल अहमद वरिष्ठ महामंत्री : मुमताज महामंत्री : सलमान मंत्री : मो. अशरफ, मो. शकील सचिव : जीमल अहमद, मो. शावेज संगठन मंत्री : हंजला सिद्दीकी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### खदरा परिक्षेत्र

- लखनऊ व्यापार मण्डल के संरक्षक मुसव्विर अली उर्फ मंशू (पार्षद), मो. सगीर खान, विधिक सलाहकार विजय तिवारी, हामिद रज्जाक एवं प्रवक्ता मो. असलम।

### दीनदयाल नगर

- दीनदयाल नगर खदरा लखनऊ व्यापार मण्डल में अध्यक्ष : विशाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष : मो. तारिक उपाध्यक्ष : मजहर वरिष्ठ महामंत्री : अनवार अली महामंत्री : शकील मंत्री : संजय जैन सचिव : अहमद कोषाध्यक्ष : मो. अस्फाक प्रचार मंत्री : उमेश अग्रवाल संरक्षक : सरोज, सतीश को शामिल किया गया।

### छोटी पकरिया रोड

- अध्यक्ष : फैजान वरिष्ठ उपाध्यक्ष : मुस्तकीम उपाध्यक्ष : मुदस्सिर वरिष्ठ महामंत्री : शहजाद महामंत्री : शारिक गाजी मंत्री : मो. अरसलान सचिव : निजाम कोषाध्यक्ष : मो. हारून, दीपू गुप्ता प्रचार मंत्री : शानू

### शिवनगर रोड

- अध्यक्ष : डॉ. शफीक अंसारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष : अनस उपाध्यक्ष : शमशुल अंसारी वरिष्ठ महामंत्री : अरविन्द कुमार महामंत्री : बुद्धिसागर मिश्र, मंत्री : अनीस कोषाध्यक्ष : नवाब अहमद महासचिव : अहमद सचिव : महफूज अली, शहाब प्रचार मंत्री : नसीम

# गांव-गांव उर्वरकों की निगरानी करेगी समिति

- प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तर पर गठित कमेटी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचारः** भारत सरकार का 'धरती माता बचाओ' अभियान खेतों में रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध व अत्यधिक प्रयोग किसानों में जागरूकता लाकर रोकेगा। इसी अभियान के तहत ''ग्राम स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति'' उर्वरकों की बिक्री, कालाबाजारी, तस्करी और ओवररेटिंग पर गांव-गांव नजर रखकर लगाम लगाएगी। अभियान की शुरुआत 100 ग्रामों से होगी, जहां सबसे अधिक रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल किसान करते हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय, तहसीलों पर एसडीए और ग्राम पंचायतों पर प्रधान की अध्यक्षता में निगरानी कमेटी गठित कर दी गई हैं। ग्राम निगरानी समिति फसल से पहले बैठकें करके किसानों को संतुलित एवं वैकल्पिक उर्वरकों जैसे जैव व जैविक के प्रयोग की जानकारी देगी। रासायनिक उर्वरक की मात्रा व मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव बताएगी और परीक्षण के आधार पर मिट्टी को उपचारित करके फसल कराएगी।

इससे मृदा स्वास्थ्य में अनुकूल परिवर्तन आएगा। इसके अलावा उर्वरकों के गैर-कृषि उपयोग या सीमा पार तस्करी के लिए डायवर्जन के मामले में जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों को सूचना देगी। समिति एक तरह से निगरानी तंत्र की तरह उर्वरकों का अवैध डायवर्जन, मिलावटी, कालाबाजारी, ओवररेटिंग, भंडारण समेत हर गतिविधि पर नजर रखेगी। ऐसी स्थिति में जिलाधिकारी, एसडीएम और जिला कृषि अधिकारी स्तर से विक्रेता के पकड़ने जाने पर लाइसेंस निलंबन, निरस्त और एफआईआर तक कराई जाएगी। अन्य कोई भी लिप्त मिला तो उस पर भी एफआईआर कराई जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कमेटी गठित कर दी है, जो सभी ग्राम पंचायतों पर नजर रखेंगी। 100 ग्राम पंचायतों का चयन कर रहे, जहां सबसे अधिक रासायनिक उर्वरक का प्रयोग होता है।

### बीमारी में ब्याज समेत क्लेम देगी एलआईसी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** संभल में एक महिला को पॉलिसी के अनुसार एलआईसी सात फीसद ब्याज के साथ क्लेम अदा करेगी। राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश के खिलाफ की गई अपील में एलआईसी को दो फीसद ब्याज माफ करते हुए शेष भुगतान के आदेश दिए हैं। कैथल गेट चंदौसी, जिला संभल निवासी साधना गुप्ता पत्नी नरेंद्र कुमार ने लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया शाखा कार्यालय आवास विकास कॉलोनी से पांच लाख रुपये का बीमा कराया था। जीवन पॉलिसी में बीमारी पर क्लेम भी देय था। वह वर्ष 2024 में बीमार हो गई और उपचार में खर्च 3,23,238 रुपये का क्लेम किया। इस पर एलआईसी ने 1,57,600 रुपये भुगतान किए और 1,65,638 रुपये काट लिए। इसके खिलाफ उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत की तो शेष धनराशि सात फीसद ब्याज के साथ, 10 हजार रुपये मानसिक कष्ट और पांच हजार रुपये व्यय देने के आदेश दिए। इस आदेश के खिलाफ एलआईसी ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की, लेकिनखास राहत नहीं मिली। आयोग ने नौ की बजाय सात फीसद ब्याज के साथ भुगतान के आदेश दिए हैं।

# 15 ग्राम पंचायतों ने दिए एफएसटीपी के प्रस्ताव

- पहले चरण में बनेंगे चार फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट
- वित्तीय वर्ष 2026-27 में एसबीएम-ग्रामीण के तहत होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगरों की तरह ग्राम पंचायतों पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) बनेंगे। पहले चरण में चार ग्राम पंचायतों पर निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 15 ग्राम पंचायतों ने स्थल चिह्नित करके निर्माण के लिए प्रस्ताव दिए हैं।

ग्रामीण इलाकों में सीवर की समस्या दूर करने के लिए ग्राम पंचायतें में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना में चार फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का प्रस्ताव बनाया है। दो करोड़ रुपये एक प्लांट की लागत है। निर्माण के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने बजट भी जारी किया है। माल, मलिहाबाद, सरोजनी नगर, गोसाईगंज, मोहनलालगंज व बीकेटी ब्लॉक की 15 ग्राम पंचायतों ने जमीन चिह्नित करते हुए निर्माण के लिए प्रस्ताव पंचायती राज विभाग को दिया है। इस आधार पर जमीन का सर्वे व अन्य प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। मानकों पर खरा उतरने पर चार पंचायतें चयनित की जाएंगी। इस प्लांट में घरेलू और व्यावसायिक क्षेत्रों से निकलने वाला गंदा पानी (सीवेज) एकत्र करके उपचारित करके साफ किया जाएगा। कृषि व अन्य कार्य में इस्तेमाल लाया जाएगा।



न्यूज ब्रीफ

## बिना पंजीकरण चल रहे त्रियुगी अस्पताल के संचालन पर रोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर डॉ. अनिल कुमार अग्रहरि पर इटौंजा क्षेत्र में निजी अस्पताल संचालित करने का आरोप लगा था। भाकियू के जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा और तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह पवांर की ओर से भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि डॉ. अग्रहरि इटौंजा कुर्सी रोड पर त्रियुगी हॉस्पिटल नाम से निजी अस्पताल संचालित कर रहे हैं। पत्र में यह भी आरोप है कि डॉक्टर सरकारी अस्पताल से दवाएं लाकर अपने निजी अस्पताल में बेचते हैं। साथ ही आयुष्मान कार्ड धारकों को मुफ्त इलाज का झांसा देकर आर्थिक शोषण करने की बात भी कही गई है। नर्सिंग होम के नोडल अफसर डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इटौंजा सीएचसी अधीक्षक को जांच सौंपी गई थी। जांच में अस्पताल का पंजीकरण न होना पाया गया। जिसके बाद अस्पताल के संचालन पर रोक लगा दी गई है। इस सम्बन्ध में सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित किया गया है।

## महापौर से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल लखनऊ इकाई के अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्याम मिश्रा के नेतृत्व में तालकटोरा रोड आलमबाग के दुकानदारों का एक प्रतिनिधि ने महापौर सुषमा खर्कवाल से उनके कार्यालय में मिला। किराए में व्याप्त विसंगतियों का मुद्दा उठाया। पदाधिकारियों ने कहा कि दुकानों को सील कर दिया गया है। इससे स्थानीय दुकानदारों में डर का वातावरण व्याप्त है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने दुकानदारों की समस्या को सुनने के बाद कहा कि विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा तब तक दुकानदारों पर सीलिंग की कार्यवाही नहीं की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष मंगलेश मिश्रा, चरण सिंह, पंकज मेहंदी रत्ता, कमलिया, सुनील गुलवानी, शमसुद्दीन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। महापौर को व्यापारियों ने ज्ञापन दिया।

## ग्रामीण युवाओं के कौशल पर मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) की ओर से आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला–सह–प्री–ईसी कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरिओम ने किया। निजी होटल में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशन में सोमवार को शुरू हुई दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला–सह–प्री–ईसी में प्रमुख सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार ने डीडीयू–जीकेवाई 2.0 में स्वरोजगार घटक जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बैठक में उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों, बिहार, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, उत्तराखंड, पंजाब और झारखंड के कौशल विशेषज्ञों ने ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए साझा रणनीति पर सहमति जताई।

## वर्किंग ग्रुप को लेकर जताई आपत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की ओर से विद्युत संशोधन बिल पर अंतिम रिपोर्ट तैयार करने के लिए गठित वर्किंग ग्रुप को लेकर बिजली अभियंताओं ने आपत्ति जताई है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि इस ग्रुप में कर्मचारियों और अभियंताओं को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने वर्किंग ग्रुप को असंवैधानिक बताया और आरोप लगाया कि संशोधन बिल के माध्यम से निजीकरण को बढ़ावा देने की साजिश की जा रही है।

# जिला केंद्रों पर ही समस्याओं का निस्तारण करें अधिकारी: मुख्यमंत्री

### कहा - जनता दर्शन में लखनऊ आने से पहले जिला व मंडल स्तर पर करें शिकायत, निवेशकों की समस्याओं में देरी बर्दाश्त नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में 'जनता दर्शन' कार्यक्रम के दौरान फरियादियों से सीधे संवाद किया और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण हर हाल में जिला स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि लखनऊ आने से पहले अपनी शिकायतों को जिला और मंडल स्तर पर अवश्य रखें। वहां तैनात अधिकारी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

यदि किसी कारणवश समाधान न हो पाए, तभी लखनऊ आना आवश्यक है। उन्होंने दो टूक कहा कि हर पीड़ित को राहत देना सरकार की प्राथमिकता है। जनता दर्शन में अभिभावकों के साथ आए बच्चों से मुख्यमंत्री ने आत्मीय संवाद किया। बच्चों से उनकी कक्षा पूछी, पढ़ाई-लिखाई का हाल जाना और मुस्कुराते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ो, खूब खेलो और खेलकर खिलते रहो। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जनता दर्शन के दौरान उद्यमियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेष रूप से यूपीसीडा और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए मजबूत इकोसिस्टम और सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है। निवेशकों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### स्कूलों में शारीरिक शिक्षा पर आश्वासन

जनता दर्शन में एक नागरिक ने बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालयों में फिजिकल एजुकेशन अनिवार्य किए जाने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल और शारीरिक गतिविधियां भी जरूरी हैं। साथ ही अवैध कब्जे और पुलिस से जुड़े मामलों में निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## बौद्ध विमर्श 17 से, आठ देशों के विद्वान लेंगे हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग की ओर से 17 से 19 फरवरी तक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग और तोयो विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। सम्मेलन में म्यांमार, कोरिया, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, जापान, थाईलैंड और वियतनाम सहित आठ देशों के विद्वान भाग लेंगे। तीन दिनों में कुल 80 चयनित शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। तकनीकी सत्रों में पालि त्रिपिटक, अट्ठकथा परंपरा, बौद्ध तर्कशास्त्र, थेरवाद और महायान दर्शन, तुलनात्मक बौद्ध अध्ययन तथा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संवाद जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी।

# महिला मरीज की मौत पर हम स्तब्ध : हाईकोर्ट

### बेड खाली नहीं कहकर केजीएमयू ने महिला को लौटा दिया था

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गंभीर अवस्था में लाई गई जिस महिला को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में बेड न खाली होने की बात कह लौटा दिया गया, उसकी इलाज न मिलने के कारण मृत्यु हो गई। महिला की मृत्यु से संबंधित आपराधिक मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच की जानकारी में यह तथ्य आया। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य की राजधानी स्थित प्रमुख चिकित्सा संस्थान द्वारा आपातकालीन स्थिति में मरीज को लौटाया जाना स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाता है, हम स्तब्ध हैं। कोर्ट ने मामले पर मुख्य सचिव को रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने बहराइच जनपद की उर्मिला की याचिका पर दिया।

### सिर्फ पत्नी के आरोप पर मुकदमा स्थानांतरित नहीं किया जा सकता, याचिका खारिज



**विधि संवाददाता, लखनऊ:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वैवाहिक विवाद से संबंधित मुकदमे के स्थानांतरण संबंधी एक याचिका पर स्पष्ट किया है कि पत्नी द्वारा पति व उसके परिवार पर धमकियों के आरोप लगा देने भर से स्थानांतरण की प्रार्थना को स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की एकल पीठ ने पत्नी की याचिका पर दिया। याचिका में हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत प्रतापगढ़ में विचाराधीन तलाक के मुकदमे को रायबरेली स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई थी। याचिका का विरोध करते हुए, पति के अधिवक्ता चन्दन श्रीवास्तव ने दलील दी कि पति व उसके परिवार पर धमकियों के जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे अस्पष्ट और झूठे हैं, कथित धमकियों की शिकायत भी कहीं नहीं की गयी है। पत्नी की ओर से यह भी कहा गया था कि वह एम्स रायबरेली में डॉक्टर है, ऐसे में मुकदमे की तारीखों पर उसका प्रतापगढ़ जाना अक्सर संभव नहीं हो पाता। जिसके जवाब में पति की ओर से कहा गया कि प्रश्नगत मुकदमा फाइनल स्टेज में है तथा पति की ओर से अंतिम बहस भी की जा चुकी है, ऐसे में मुकदमे का स्थानांतरण करने से उसके निस्तारण में देरी होगी। कहा गया कि पत्नी द्वारा मुकदमे के स्टेज संबंधी तथ्य को छिपाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पारित अपने विस्तृत आदेश में कोर्ट ने कहा कि सिर्फ आरोप के आधार पर किसी मुकदमे का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने पत्नी की याचिका को खारिज कर दिया।

## 2022 के एमडीएस चिकित्सकों को कॉलेजों में मिलेगी नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** साल 2022 में नीट एमडीएस कांउसिलिंग के माध्यम से सरकारी डेंटल कॉलेजों में दाखिला लेकर दंत विशेषज्ञ बनने वाले चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत दो साल सरकारी मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में सेवाएं देनी होंगी। इसके लिए उन्हें बतौर सीनियर रेजीडेंट नियुक्त किया जाएगा, कॉलेज आवंटन के लिए काउंसिलिंग सोमवार से शुरू हो चुकी है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। तत्पश्चात 18 फरवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित होंगे, फिर 19 से 25 फरवरी तक अभ्यर्थियों को संबन्धित मेडिकल कॉलेजों में ज्वाइनिंग देनी होगी।

# 25 हजार रुपये के लिए 13 साल बाद अपील

### हाईकोर्ट ने सरकार पर 50 हजार का हर्जाना लगा कर खारिज की अपील

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 25 हजार रुपये से भी कम रकम के लिए राज्य सरकार द्वारा 13 साल से भी अधिक समय के बाद अपील दाखिल करने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने उक्त अपील को खारिज करने के साथ-साथ सरकार पर 50 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। साथ ही यह भी कहा है कि हर्जाने की उक्त रकम को सरकार जिम्मेदार अधिकारियों से वसूल सकती है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकल पीठ ने राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारी खीरी व 2 अन्य द्वारा दाखिल द्वितीय अपील पर पारित किया। मामले में प्रतिवादी पक्ष से सरकार ने वर्ष 1992 में ईंटों की खरीद की थी। उक्त खरीद के एवज में कुल भुगतान में से 24,966.50 रुपये का भुगतान प्रतिवादी को नहीं किया गया था, जिस पर उसने सिविल कोर्ट में मुकदमा दाखिल किया। उक्त मुकदमा वर्ष 2000 में प्रतिवादी के पक्ष में निर्णीत हुआ। इसके विरुद्ध सरकार की ओर से 16 महीने बाद अपर जिला जज के समक्ष अपील दाखिल की गई जो वर्ष 2003 में खारिज हो गई। तत्पश्चात नौ महीने की देरी से सिविल रिवीजन दाखिल किया गया, जोकि वर्ष 2015 में खारिज हुआ। इसके पश्चात फरवरी 2017 में सरकार ने 24,966.50 रुपये के भुगतान के वर्ष 2000 व 2003 के आदेशों के विरुद्ध द्वितीय अपील हाईकोर्ट में दाखिल की।

- कहा, जिम्मेदार अधिकारियों से वसूलें हर्जाने की रकम

### हाईकोर्ट की टिप्पणी

"वर्तमान मामला एक विशिष्ट उदाहरण है, जिसमें 25 हजार रुपये से कम की एक छोटी धनराशि की डिक्री के विरुद्ध राज्य ने डिक्री की गई धनराशि से अधिक व्यय किया है और न्यायालय का बहुमूल्य समय भी खर्च कराया। भारत सरकार द्वारा तुच्छ व अल्प महत्व के मामलों में अपील न दाखिल करने का एक नीतिगत निर्णय लिया गया है लेकिन राज्य सरकार अब भी निष्क्रिय बनी हुई है। अब तक कोई ठोस एवं प्रभावी वाद–नीति बनाकर उसका अनुपालन भी नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार के तुच्छ एवं निरर्थक वाद कोर्ट का समय जाया कर, न्याय के प्रवाह में बाधा उत्पन्न करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वास्तविक एवं वाजिब वादकारियों को सुनवाई का अवसर नहीं मिल पाता।" इसके साथ कोर्ट ने हर्जाने की राशि सीआरपीएफ फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन को अदा करने के आदेश दिए हैं।

## जनगणना के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने जनगणना-2027 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत मंगलवार को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। चरण में 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण लखनऊ स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में आयोजित होगा। चार दिनों में कुल 285 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यही मास्टर ट्रेनर आगे चलकर अपने-अपने जिलों में अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे। दूसरे चरण में बाकी जिलों के मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण 24 से 27 फरवरी के बीच कराया जाएगा। जिन 27 जिलों के मास्टर ट्रेनरों को पहले चरण में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उनमें आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, गाजियाबाद, बलिया, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, गौतमबुद्धनगर, गाजीपुर, हापुड़, हाथरस, झांसी, ललितपुर, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सहारनपुर, संभल, शामली, सोनभद्र और वाराणसी शामिल हैं।

## भर्ती रैली में अग्निवीर बनने को दौड़े 933 अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भर्ती कार्यालय लखनऊ की ओर से छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में सोमवार को औरैया और बाराबंकी के अभ्यर्थियों के बीच भर्ती रैली कराई गई। अग्निवीर बनने के लिए 933 अभ्यर्थियों ने दमखम दिखाया। अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए 1273 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इसमें औरैया जिले की सदर, बिधूना और अजीतमल तहसील और बाराबंकी जिले की फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरसाउली, गौसपुर, रामासनेहीघाट और हैदरगढ़ तहसील के 933 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस दौरान लंबी कूद, दौड़ समेत अन्य परीक्षाएं दी। यह भर्ती रैली आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस लखनऊ के तहत औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के अभ्यर्थियों के लिए कराई जा रही है। पूर्व में लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए थे।

वहीं 18 फरवरी को रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (हेडक्वार्टर) लखनऊ के तहत सभी जिलों की अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती कराई जाएगी। इस रैली में शॉर्ट लिस्टेड एक हजार अभ्यर्थी दमखम दिखाएंगे। प्रक्रिया लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और एएमसी स्टेडियम में होगी।

## रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग करने वाले सात गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** बालीवुड में दहशत फैलाने के इरादे से फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित बंगले पर की गई फायरिंग के मामले में एसटीएफ ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। यूपी एसटीएफ ने मुंबई क्राइम ब्रांच और हरियाणा एसटीएफ को साथ लेकर मुख्य शूटर समेत गैंग के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। सभी गिरफ्तार शूटर यूपी के आगरा, नोएडा और इटावा के रहने वाले हैं। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच को सुराग लगा कि फायरिंग करने वाले शूटर शुभम लोनकर गैंग से जुड़े हैं। शुभम के तार लारेंस बिशनोई गैंग से भी जुड़े हैं। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम लखनऊ आई और एसटीएफ से मदद मांगी। एसटीएफ ने हरियाणा के झज्जर में दबिश देकर आगरा के बाह थाना क्षेत्र के गांव बिजौली निवासी मुख्य शूटर दीपक, सनी, सोनू व रितिक (भाई), विष्णु कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी टीम ने गाजियाबाद के साहिबाबाद से जतिन भारद्वाज और विशाल को गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ के मुताबिक, अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि विष्णु कुशवाहा के संबंध कुख्यात शुभम लोनकर गैंग के गोलू पंडित से हैं। सभी ने मुंबई में दहशत फैलाकर रंगदारी लेने के इरादे से रोहित शेट्टी के बंगले पर फायरिंग की थी।

## उप मुख्यमंत्री ने सैकड़ों फरियादियों की सुनी समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भूमि कब्जे और उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कठोर कार्रवाई पर जोर दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि कब्जे की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा आवश्यकतानुसार संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच की जाए। उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, प्रभावी एवं संतुष्टिपरक निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा और कोई भी पीड़ित निराश नहीं लौटेगा।



# ट्रेड डील किसानों के साथ धोखा : सुनील

### लोकदल ने 17 किसान संगठनों के साथ प्रदेशभर में जताया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकदल ने 17 किसान संगठनों के साथ अमेरिका के साथ की गई कृषि डील के विरोध में सोमवार को प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर केंद्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपे। इस लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि भारत-अमेरिका कृषि डील कोई ट्रेड डील नहीं, बल्कि पेड डील है, जो देश के किसानों के साथ खुला धोखा है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुनील सिंह ने कहा कि समझौता किसानों के हितों को दरकिनार कर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और भारत को आर्थिक रूप से गिरवी रखने की साजिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस किसान-विरोधी डील को तत्काल निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन की आग और अधिक भयावह रूप लेगी। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष वीएम सिंह तथा किसान नेता ऋषिपाल अम्बावता सहित 17 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि यह डील भारतीय कृषि व्यवस्था को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हवाले करने का प्रयास है।



जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसान संगठनों के सदस्य। अमृत विचार

# केजीएमयू में मजार विवाद ने पकड़ा तूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) परिसर में स्थित मजारों को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन के महासचिव सैयद बाबर अशरफ के आरोपों के बाद केजीएमयू प्रशासन ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा है।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने आरोपों को साजिश करार देते हुए कहा कि मिशन की ओर से लिखे जा रहे पत्रों से समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है। उनका कहना है कि मजारों से अतिक्रमण हटाने और नोटिस चस्पा करने का निर्णय किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि गठित कमेटी का सामूहिक फैसला है। उन्होंने आशंका जताई कि उनके खिलाफ नकारात्मक माहौल बनाकर व्यक्तिगत नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इधर, ऑल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। सैयद बाबर अशरफ के पुत्र सैयद बाबर इस्लाम ने चौक कोतवाली में तहरीर देकर कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद और प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के खिलाफ मजार को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

बैठक | प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

# लैंड बैंक मजबूत कर उद्योगों को दें रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते निवेश रुझान को देखते हुए भूमि अधिग्रहण, विकास और आवंटन की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, बिजली, जलापूर्ति और लॉजिस्टिक्स जैसी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

मुख्य सचिव सोमवार को विभिन्न औद्योगिक विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद द्वारा अर्जित, विकसित एवं आवंटित भूमि की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उन्होंने औद्योगिक निवेश को गति देने और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सशक्त बनाने के लिए लैंड बैंक को सुदृढ़ एवं विस्तारित करने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 78 हजार एकड़ भूमि आवंटन का लक्ष्य निर्धारित है। साथ ही अगले वित्तीय वर्ष की आवश्यकताओं का आकलन कर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक में प्राधिकरणों के अधिकारियों को भूमि आवंटन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और निवेशक अनुकूल बनाने के निर्देश दिए गए।



औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव एसपी गोयल। अमृत विचार

# मुफ्त बिजली योजना से पांच लाख किसान अब भी बाहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार की निजी नलकूप कनेक्शन धारकों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की योजना अब तक पूरी तरह से लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। लगभग दो साल से चल रही इस योजना से प्रदेश के पांच लाख किसान अभी भी वंचित हैं।

जानकारी के अनुसार, योजना शुरू होने से पहले पूरे प्रदेश में निजी नलकूप कनेक्शनधारकों की संख्या 15.64 लाख थी। वहीं, इस मुफ्त बिजली योजना में अब तक केवल 10.58 लाख किसान ही पंजीकृत हैं और योजना का लाभ उठा रहे हैं। इससे साफ है कि करीब 5.10 लाख किसान अब भी इस योजना से बाहर हैं। योजना के तहत, एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप (कृषि) उपभोक्ताओं को 140 यूनिट प्रति किलोवॉट प्रतिमाह निशुल्क बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। योजना का लाभ पाने के लिए आवश्यक शर्तों में 31 मार्च 23 तक के बिजली बिलों का पूर्ण भुगतान और मीटर की स्थापना शामिल थी। 31 जनवरी-26 तक के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में निजी नलकूपों की कुल संख्या 15.64 लाख है, लेकिन केवल 10.58 लाख किसान ही पंजीकृत होकर मुफ्त बिजली का लाभ ले पा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, योजना के प्रचार-प्रसार व पंजीकरण प्रक्रिया को और प्रभावी बनाकर योजना से वंचित किसानों तक लाभ पहुंचाया जा सकता है।

# सेवानिवृत्ति राशि से प्रोत्साहन व त्योहार अग्रिम की कटौती अवैध : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति देय राशि से "प्रोत्साहन अग्रिम", "त्यौहार अग्रिम" और जीएसटी की कटौती पर कड़ी आपत्ति जताते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी कटौती का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। निगम के कर्मचारी की सेवानिवृत्ति राशि से इस प्रकार की कटौती करना नियमविरुद्ध है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने सतीश कुमार वर्मा सहित अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

सेवानिवृत्ति बकाया से इन मदों में कटौती किए जाने की बात पर न्यायालय आश्चर्यचकित है। बता दें कि वर्तमान याचिका न्यायालय के उस आदेश के अनुपालन न होने पर अवमानना याचिका दाखिल की थी, जिसमें सेवानिवृत्ति देय राशि और वेतन बकाया के भुगतान का निर्देश दिया गया था। निगम की ओर से तर्क दिया गया कि सेवानिवृत्ति देय राशि का भुगतान कर दिया गया है, लेकिन वित्तीय संकट के कारण वेतन बकाया नहीं दिया जा सका। हालांकि कोर्ट ने निगम द्वारा दाखिल हलफनामों का अवलोकन करते हुए पाया कि भुगतान की गई वास्तविक राशि और वेतन बकाया का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, बल्कि केवल "प्रोत्साहन अग्रिम", "त्योहार अग्रिम" और जीएसटी के रूप में की गई कटौतियों का जिक्र है। कोर्ट ने निगम के कार्यकारी निदेशक को अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति बकाया का भुगतान उपर्युक्त अवैध कटौतियों के बिना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही टिप्पणी की कि अधिकारी कर्मचारियों को उनका वैधानिक हक न देकर केवल समय व्यतीत कर रहे हैं और न्यायालय को गुमराह कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रधान सचिव को संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जांच कर हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## न्यायिक निर्णयों का हवाला देते समय जजों के नाम न उद्धृत किए जाएं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज। अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कर चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक चीनी नागरिक को जमानत देते हुए न्यायिक निर्णयों का हवाला देते समय सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीशों के नामों के उल्लेख पर कड़ी आपत्ति जताई है। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का संदर्भ देते समय न्यायाधीशों के नाम लेना "पूरी तरह अनावश्यक" है। भविष्य में केवल पक्षकारों के नाम, निर्णय की तिथि, केस/उद्धरण विवरण तथा प्रासंगिक अंश ही उद्धृत किए जाएं। कोर्ट ने जवाबी हलफनामे में सहायक आयुक्त, सीजीएसटी, गौतम बुद्ध नगर और अपर सत्र न्यायाधीश, मेरठ को, जिन्होंने पहली जमानत याचिका को खारिज करने के आदेश में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के नामों का उल्लेख किया था, भविष्य में सतर्क रहने का

- **इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कर चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक चीनी नागरिक को जमानत देते हुए दिया निर्देश**

निर्देश दिया। कोर्ट ने नोट किया कि लगभग दो सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है, जिसमें अधीनस्थ न्यायालय के अधिकारियों द्वारा पूर्व निर्णयों पर भरोसा करते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के नामों का उल्लेख किया गया है। कोर्ट ने इस प्रथा को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्रकरण में अगस्त 2025 से गिरफ्तार चीनी महिला एलिस ली उर्फ ली तेंगली को सशर्त जमानत देते हुए पारित किया। दरअसल महिला पर आरोप है कि वह मेसर्स टेंटेक एलईडी डिस्प्ले प्राइवेट लिमिटेड से संबद्ध थीं, जो कथित रूप से "विजुअल डिस्प्ले यूनिट्स" का गुप्त निर्माण कर रही थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने माना कि जांच पूर्ण हो चुकी है। कर देयता का आकलन किया जा चुका है और शिकायत दाखिल की जा चुकी है। याची के महिला होने और उनके साथ नाबालिग बच्चे की उपस्थिति, साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका संबंधी ठोस सामग्री के अभाव तथा प्रकरण की समग्र परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें सशर्त जमानत दे दी गई। कोर्ट ने याची को निर्देश दिया कि वह प्रत्येक तारीख पर उपस्थित रहेंगी। उन्हें बिना अनुमति देश छोड़ने से रोका गया है तथा हर दो माह में अपने निवास और आवागमन की जानकारी चीनी दूतावास के माध्यम से कोर्ट को देनी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### टीएलएम पर प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आकांक्षी ब्लॉक परिवर्तन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड खेसरहा के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों/शिक्षिकाओं, एकेडमिक संसाधन व्यक्ति एवं राज्य संसाधन समूह हेतु शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) पर सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं बाल-केंद्रित बनाना रहा। विशेषज्ञों द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण, स्थानीय संसाधनों से टीएलएम निर्माण, भाषा एवं गणित विषय में नवाचार तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागी शिक्षकों को समूहों में विभाजित कर स्वयं टीएलएम तैयार करने का अभ्यास कराया गया। इस दौरान शिक्षकों ने चार्ट, फ्लैश कार्ड, मॉडल आदि बनाकर अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यशाला शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### सामूहिक विवाह की मिलकर करें तैयारियां

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के संबंध में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में सिद्धार्थ सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह के दौरान दी जाने वाले सामानों की सूची का बैनर लगवाएं। सभी को सामान मिलना चाहिए। वर-वधू के परिजनों के बैठने, वाहनों पार्किंग, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। सभी मिलकर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराये। रतनसेन डिग्री कालेज बांसी में 22 फरवरी 2026 को 382 जोड़ो का सामूहिक विवाह कराया जाना प्रस्तावित है। प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 60000 दिया जाता है तथा 25000 का सामान तथा 15000 बारात के स्वागत पर व्यय किया होगा। बैठक में उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# निजी वाहनों से हो रही बोर्ड परीक्षा के पेपर की ढुलाई

## बोर्ड परीक्षा के गोपनीयता व सुरक्षा भंग, पारदर्शिता पर खड़े हुए सवाल

उपेन्द्र तिवारी, कुशीनगर



प्राइवेट वाहन में बोर्ड परीक्षा का मिला प्रश्न पत्र।

- **वीडियो में कैद 'पेपर मूवमेंट, बिना पुलिस अभिरक्षा के निकले प्रश्नपत्र पर संदेह बढ़ा**

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने के की ठीक पहले ही उसकी गोपनीयता व पारदर्शिता पर सवालों का साया पड़ गया है। जिस प्रश्नपत्र को पुलिस अभिरक्षा में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जाना चाहिए था, वह निजी वाहनों से ढोया जा रहा था। यह दृश्य'सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा' के सरकारी दावों की बुनियाद हिला दी है। मजे की बात यह है कि नियम और परीक्षा प्रोटोकॉल को ताक पर रखकर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था के नाम पर परीक्षा की गोपनीयता की धज्जियां उड़ाते दिखे।

बोर्ड परीक्षा के प्रति जिम्मेदारो की सार्वजनिक हुई यह गैरजिम्मेदाराना कार्य यह संकेत दे रहा है कि निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार कर प्रश्नपत्रों को पुलिस सुरक्षा के बिना निजी गाड़ियों से भेजा गया जिसका वीडियो साक्ष्य के तौर पर मौजूद हैं, जो परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार है। इधर अफसरशाही की खामोशी पूरे मामले को गंभीर बना दिया है।

गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों को बिना पुलिस सुरक्षा के निजी वाहनों में चालक और संबंधित प्रधानाचार्य के भरोसे केंद्रों तक रवाना किया गया है। ऐसे मे यह न केवल बोर्ड परीक्षा नियमों की खुली अवहेलना है बल्कि परीक्षा की गोपनीयता को जोखिम में डालने जैसा कृत्य भी है। अब सवाल यह है कि क्या प्रश्नपत्रो के परिवहन से पूर्व पुलिस विभाग को सूचना दी गई थी? क्या अधिकृत वाहनों को सूचीबद्ध कर रूट प्लान स्वीकृत किया गया था? क्या वितरण रजिस्टर और सुरक्षा अभिलेख पूर्ण हैं?यदि इन प्रश्नों के उत्तर नकारात्मक हैं, तो यह सीधे तौर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त व परीक्षा लिपिक सुभाष प्रसाद यादव की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

### क्या कहते है बोर्ड के नियम

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाओं के संचालन नियमावली में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। गाइडलाइन पर गौर करे तो प्रश्नपत्रो सुरक्षित कोठार के स्ट्रांग रूम में सीलबंद रखने का नियम है। वितरण के समय अधिकृत अधिकारी की अनिवार्य रुप से उपस्थिति में प्रश्नपत्रों का परिवहन पुलिस अभिरक्षा में करने का प्राविधान है। इसके अलावा विभाग द्वारा अधिकृत वाहन अथवा बस मे प्रश्नपत्रो को सुरक्षित रखकर पुलिस अभिरक्षा में केन्द्र तक प्रश्नपत्रो को सकुशल व सुरक्षित भेजवाने का नियम है जिसका विधिवत अभिलेखीकरण व वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य है। इन प्रावधानों का उद्देश्य स्पष्ट है कि गोपनीयता अक्षुण्ण रहे और परीक्षा की निष्पक्षता पर कोई आंच न आए। उद्देश्य यह भी है कि किसी भी प्रकार की पेपर लीक, छेड़छाड़, अथवा अनधिकृत हस्तक्षेप की आशंका न हो।

### डीआईओएस कार्यालय की मनबढ़ई

जिले में चर्चा है कि नियम विरुद्ध यह कृत्य जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त व परीक्षा लिपिक सुभाष प्रसाद यादव की जानकारी और निगरानी में हुआ। यदि ऐसा है, तो यह साधारण चूक नहीं, उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के विरुद्ध है। जानकारों का कहना है कि बोर्ड की सख्त गाइडलाइन के बावजूद अगर निजी वाहनों से प्रश्नपत्र भेजा गया है ,वह भी बिना पुलिस अभिरक्षा के, तो व्यवस्था की गंभीर चूक को दर्शाता है। मजे की बात यह है कि जिला विद्यालय निरीक्षक व परीक्षा लिपिक द्वारा बिना सुरक्षा व्यवस्था के निजी वाहनो से बेपरवाह तरीके से भेजे जा रहे प्रश्न पत्रों को मीडिया ने साक्ष्य के तौर पर कैमरे मे कैद कर लिया है। जब डीआईओएस और परीक्षा लिपिक ने इस मामले मे अपनी चुप्पी नही तोडी तो मीडिया ने प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को इसकी जानकारी दी। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रभारी जिलाधिकारी तथ्यात्मक जांच कर कार्यवाई करेगें या फिर मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा। जानकारों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी संवेदनशील प्रक्रिया है। इसकी पवित्रता पर जरा-सी भी आंच पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है।

### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

बता दें कि जनपद में यह पहला अवसर नहीं है जब परीक्षा संचालन पर सवाल उठे है। पिछले वर्ष विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के कार्यकाल में ही बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया था। उस समय अशोक विद्यापीठ इंटर कॉलेज में नियमित प्रश्नपत्र के स्थान पर रिजर्व पेपर से परीक्षा कराए जाने का मामला सुर्खियों में रहा। उस घटना ने परीक्षा प्रबंधन की सतर्कता और निगरानी व्यवस्था पर गहरे सवाल खड़े किए थे।

## सात जोड़ों में कराया गया सुलह-समझौता

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय द्वारा सोमवार को 07 जोड़ों में आपसी मनमुटाव को दूर कर एक साथ रहने को राजी किया गया। इन परिवारों को बिखरने से बचाने में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय व काउंसलिंग टीम में महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला हेड आरक्षी रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम, महिला आरक्षी प्रगति राय का योगदान रहा। परिवारों में शाहीन पत्नी तौफीक साकिन नगमा छपिया थाना मिश्रौलिया, निरू पत्नी रामानन्द चौरसिया साकिन डड़वार दुबे थाना बांसी, रेहाना खातून पत्नी मोहम्मद जमा साकिन फसादीपुर थाना सिद्धार्थनगर, रूसो पत्नी महेश साकिन करीमपुर थाना सिद्धार्थनगर, सवारी पत्नी धर्मराज साकिन भावपुर थाना शोहरतगढ़, दीपा पत्नी तिलक राम सकीना बारदही थाना गोल्हौरा व सन्तोला पत्नी हरिश्चन्द्र साकिन कपिया थाना चिल्हियां निवासी बताया जाता है।

# होली पर विशेष ट्रेनों का होगा संचलन



**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी होली के त्योहार पर 04014/04013 आनन्द विहार टर्मिनस-लौकहा बाजार-आनन्द विहार टर्मिनस वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 27 फरवरी से 06 मार्च तक तथा लौकहा बाजार से 28 फरवरी से 07 मार्च तक 08 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05 तथा एस.एल.आर.के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। इसके अलावा 04514/04513 चण्डीगढ़-गोरखपुर-चण्डीगढ़ होली विशेष गाड़ी का संचलन चण्डीगढ़ से 26 फरवरी एवं 05 मार्च को तथा गोरखपुर से 27 फरवरी एवं 06 मार्च को 02 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02,वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

### ट्रेन को 2 मिनट का प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 15715/15716 किशनगंज- अजमेर-किशनगंज एक्सप्रेस का प्रयोगिक आधार पर 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के बाँदीकुई स्टेशन पर प्रदान किया जा रहा है।

### यात्रियों की सुरक्षा में तत्पर रेलवे सुरक्षा बल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों की सुरक्षा और मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। 14 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या-06 पर लगभग 20 वर्ष का एक मूकबधिर व्यक्ति मिला। जिसे उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर, रेलवे सुरक्षा बल बस्ती, रेलवे सुरक्षा बल बुढ़वल, रेलवे सुरक्षा बल औड़िहार, रेलवे सुरक्षा बल देवरिया सदर, रेलवे सुरक्षा बल रसड़ा द्वारा यात्रियों के छूटे बैग और पर्स आदि सामान बरामद कर उनके सुपुर्द किया गया।

# 80 वर्ष के ऊपर मिले अतिरिक्त पेंशन का लाभ

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान जिला इकाई की बैठक में भुगतान प्रमाणपत्र के मामले में अनावश्यक परेशान न करने, 80 वर्ष के ऊपर अतिरिक्त पेंशन का लाभ देने, पारिवारिक पेंशन के मामले में गवाही आदि में परेशान न करने, विशेष रूप से राजस्व विभाग से जुड़े पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान की पत्रावली लंबित न करते हुए अविलंब भुगतान कराने कराने की प्रमुख बिंदु शामिल रहे।



बैठक करते पदाधिकारी।

कोषागार कार्यालय में हुई बैठक में मंडल अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने जीवित प्रमाणपत्र उपलबधता के एक सप्ताह भीतर भुगतान सुनिश्चित करने, जीवित प्रमाणपत्र भरते समय पारिवारिक पेंशन से अनावश्यक रूप से 10 रुपये के स्टांप विवाद आदि रहने का शपथ पत्र न मांगने, प्रत्येक माह पेंशनर्स की वरिष्ठ कोषाधिकारी के साथ बैठक करने, पुनरीक्षित पेंशन प्राधिकार पत्रों को अलग से रजिस्टर में पुस्तांकित करते हुए भुगतान का मुद्दा रखा। उन्होंने प्रांतीय निर्देशों के पालन पर बल देते हुए संगठन की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष उमाकांत मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त राजाराम लोधी ने वेतन विसंगति के मुद्दे से संगठन को अवगत कराया। इस संबंध में कलेक्ट्रेट के पटल सहायक अनिरुद्ध मिश्रा से संपर्क किया गया। उन्होंने समस्या के निराकरण के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह पश्चात पुनः मिलकर समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

# मुंबई जाने की बात कहकर निकला छात्र ननिहाल से सकुशल बरामद

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** खलीलाबाद शहर से चार दिन पहले लापता हुआ 14 वर्षीय छात्र मुंबई कमाने नहीं बल्कि अपनी मां से मिलने ननिहाल चला गया था। पुलिस ने ममेरी बहन के मोबाइल से किए गए एक कॉल के जरिए लोकेशन ट्रेस कर सोमवार देर शाम छात्र को रक्शा गांव से सकुशल बरामद कर लिया। बेटे के मिलने की खबर मिलते ही पिता के चेहरे पर फिर मुस्कान लौट आई।

महुली क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी एलआईसी एजेंट वीरेंद्र कुमार उपाध्याय खलीलाबाद के गौसपुर में किराए के कमरे में अपने इकलौते बेटे अनमोल के साथ रहते हैं। अनमोल शहर के एक स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। 12 फरवरी को वह अचानक लापता हो गया था। कमरे में मिले एक पत्र में पढ़ाई में मन न लगने और कमाने के लिए मुंबई जाने की बात लिखी थी। पिता वीरेंद्र की सूचना पर कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई। कोतवाल जय प्रकाश दूबे ने बताया कि सर्विलांस की मदद से जांच पड़ताल में पता चला कि छात्र अपने ननिहाल मेंहदावल क्षेत्र के रक्शा गांव गया है।

# मण्डलीय खेल में जीत की ट्राफी बीएसए को सौंपी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शहीद सत्यवान स्पोर्ट्स स्टेडियम बस्ती में 11 एवं 12 फरवरी को सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बस्ती मण्डल, बस्ती द्वारा आयोजित 30वां मण्डलीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह 2025-26 में जनपद बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

सिद्धार्थनगर के 416 खिलाड़ी छात्र-छात्राओं एवं टीम प्रभारियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन कर सिद्धार्थनगर जनपद को आल ओवर चैम्पियनशिप द्वितीय स्थान दिलाकर ट्राफी हासिल कर जनपद को गौरवान्वित किया। खेल समापन के वापसी पर सोमवार को जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्रनाथ उपाध्याय के नेतृत्व में मण्डल से प्राप्त ट्राफी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार को प्रदान कर समस्त टीमों की प्रतिभागिता व जीत के स्थिति से अवगत कराया। जिला व्यायाम शिक्षक ने बताया कि आगामी राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में वही बच्चे प्रतिभाग करेंगे, जो मण्डल में प्रथम स्थान प्राथमिक व जूनियर स्तर बालक, बालिका वर्ग में हासिल किये है। बीएसए ने खेल प्रदर्शन के इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दिया तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, जिला समन्वयक रितेश श्रीवास्तव, अमित शुक्ला, करुणा पति त्रिपाठी, एसआरजी अपूर्व श्रीवास्तव, ब्लाक व्यायाम शिक्षक सत्येन्द्र कुमार गुप्त, अनिल कुमार, अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।



बीएसए को ट्राफी सौंपते खिलाड़ी। अमृत विचार

# नो-मैपिंग में सुस्ती पर डीएम सख्त, सुनवाई के दिए निर्देश

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम आलोक कुमार ने सोमवार को मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में नो-मैपिंग और तार्किक विसंगतियों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और तय समय सीमा में शत-प्रतिशत सुनवाई व डाटा अपलोड सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश ने बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 21 जनवरी 2026 से नोटिसों की सुनवाई का कार्य चल रहा है। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अब तक नोटिस वितरण और सुनवाई की प्रगति 47.10 प्रतिशत रही है। डीएम ने कहा कि यह समयबद्ध और संवेदनशील कार्य है, सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से बूथ स्तर पर जाकर शत-प्रतिशत सुनवाई सुनिश्चित करें।

अभियान | न्याय रथ को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

# अब गांव-गांव पहुंचेगी कानूनी जागरूकता

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** न्याय चला निर्धन से मिलने की भावना को साकार करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदीय न्यायालय को 12 सीटर 'फोर्स' वाहन दिया है। यह वाहन गांव -गांव जाकर समाज के अंतिम छोर पर खड़े पीड़ित प्रत्येक को कानूनी सलाह देने का काम करेगी। इसी के निमित्त जिला जज रणधीर सिंह ने सोमवार को कोर्ट परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिले में न्याय रथ के आगमन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और न्यायिक प्रतिष्ठान में उत्साह का माहौल रहा। बताया गया कि प्रदेश के सभी जिलों में न्याय रथ भेजे जा रहे हैं, ताकि दूरदराज और अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों तक कानूनी सहायता और जागरूकता पहुंचाई जा सके। जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह ने कहा कि न्याय रथ का उद्देश्य जरूरतमंदों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुलभ न्याय दिलाना है। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नासिर अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार सिंह, अपर जिला जज गजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, न्यायिक अधिकारी अशोक कसौधन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव, नाजिर बृजेश सिंह, रामभवन चौधरी, विनय, हरिशंकर चौधरी, जयशंकर यादव, मुलायम सिंह यादव, दीपक, राहुल यादव और बलदेव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




शहर के न्यायालय परिसर से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से 12 सीटर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिल जज रणधीर सिंह व अन्य लोग। अमृत विचार

## शिविर लगाकर नोटिसों का किया गया सत्यापन

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत झरुवा में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अन्तर्गत शिविर लगाकर नोटिसों का सत्यापन किया गया। यह कार्य पीठासीन अधिकारी और ग्राम प्रधान वीरेन्द्र प्रताप जायसवाल के सहयोग से सम्पन्न हुआ। एसआईआर शिविर कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान वीरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के क्रम में गांव के तीनों टोले झरुवा, भेलौजी और खम्हरिया के कुल 160 ग्रामीण लोगों को नोटिस जारी किये गये थे।

# जापान के गवर्नर ने किया लुम्बिनी का दौरा

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जापान के वाकायामा प्रीफेक्चर के गवर्नर मियाजाकी इमुजी ने बुद्ध जन्मस्थल लुम्बिनी का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि विश्व शांति के लिए लुम्बिनी की भूमिका प्रेरणादायक और अनुकरणीय है, जिससे प्रभावित होकर वे यहां पहुंचे हैं। गवर्नर इमुजी ने बताया कि लुम्बिनी के विकास और संरक्षण में वाकायामा प्रीफेक्चर की ओर से किस प्रकार सहयोग किया जा सकता है, इस विषय में अध्ययन कर सहकार्य बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। लुम्बिनी विकास कोष और जापान के कोया टाउन नगरपालिकाके बीच भगिनी संबंध स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गवर्नर इमुजी के नेतृत्व में 18 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल लुम्बिनी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में वाकायामा के उपसभामुख फुमिनारी आकिजुकी तथा कोया टाउन के मेयर हिरानो योहिया सहित बौद्ध विहारों के प्रमुख भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मायादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना की, अशोक स्तंभ का अवलोकन किया और पुष्करिणी पोखरी स्थित बोधि वृक्ष के पास दीप प्रज्वलित किए। इसके अलावा दल ने थाउजेन्ट टेम्पल तथा रॉयल थाई विहार का भी निरीक्षण किया। लुम्बिनी विकास कोष के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए लुम्बिनी की गुरुयोजना, ऐतिहासिक-पुरातात्विक महत्व और संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। दोनों पक्षों ने धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन तथा सहयोग के नए अवसरों पर भी चर्चा की।



बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी पहुंचे जापान के वाकायामा प्रीफेक्चर के गवर्नर मियाजाकी इमुजी। अमृत विचार

